तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 कोड़ेकुर्सी में दो दिवसीय वार्षिक मेले की रही धूम, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़





12 महिला सुरक्षा टीम ने कॉलेज और आटीआई की छात्राओं से की चर्चा




## खबर संक्षेप

### फिटनेस के लिए महिला पुरुष मैराथन 1 मार्च को

**भानुप्रतापपुर।** नगर में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 मार्च रविवार को सुबह 6 बजे भानुप्रतापपुर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन शहीद भगत सिंह क्लब, भानुप्रतापपुर द्वारा किया जा रहा है। मैराथन में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए अलग-अलग दौड़ रखी गई है। पुरुष वर्ग के लिए 11 किलोमीटर तथा महिला वर्ग के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ आयोजित होगी। विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

### सुरेवाही में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कांकेर।** आमजनता की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन गुरूवार 26 फरवरी को अंतागढ़ विकासखण्ड के माध्यमिक शाला खेल मैदान सुरेवाही में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत भैंसासुर, टेमरूपानी, मण्डागांव, हिन्दुबिनापाल, कानागांव, बुलावण्ड, मासबरस, जेठेगांव, अमोड़ी और कोदागांव इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे।

### डोकला में महुआ शराब जब्त, महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चारामा पुलिस ने 24 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम



डोकला के बाधपारा निवासी 30 वर्षीरू मोनिका सिन्हा अपने घर की परछी में अवैध रूप से हाथ भट्टी की महुआ शराब रखकर बेच रही है। मामले कि तस्दीक कर पुलिस ने आरोपी महिला के घर पर छापा मारा। पूछताछ में महिला ने शराब बिक्री की बात स्वीकार की। तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से कुल 8 लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 1 हजार 200 रुपएं व नगद 150 रूपएं बरामद किए। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट कि धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गंभीर घायल की मौत चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** थाना कोड़ेकुर्से क्षेत्र के कराकी मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। विवेचना में मिला कि मृतक लोहत्तर थानांतर्गत गुड़फेल निवासी 25 वर्षीय सैदूर कुमार कल्लो 11 जनवरी को वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 6128 से अपने कार्य से बड़गांव जा रहा था। वाहन गुड़फेल निवासी रजमन दुग्गा चला रहा था तथा मृतक पीछे बैठा था। चालक द्वारा तेज गति व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से दुर्घटना हो गई, जिसमें मृतक को गंभीर चोट व उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 281 तथा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### मौत के प्रकरण पर परिजनों के लिए 4 लाख की मदद मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम ऊंचपानी निवासी 70 वर्षीय बरतनीन की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित मेहतर, केश कुमार, रमेश कुमार को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। हितग्राहियों को संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

### तीन में से दो चोर नारायणपुर जिले के निगरानी बदमाश, कई मामले दर्ज

# सैकड़ों सीसीटीवी खंगाले तब मिला सुराग कोरर के तीन नकाबपोश चोर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर में एक सप्ताह पहले थाना से 300 मीटर की दूरी पर तीन दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन नकाबपोश चोर को दबोचने में कोरर पुलिस को सफलता मिली है। कोरर पुलिस को इन तीनो चोर को दबोचने के लिए 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पड़े, वहीं साइबर टीम को 200 से अधिक मोबाइल नंबरो के टावर लोकेशन की जाँच करना पड़ा। पकड़ाए तीनों नकाबपोश चोर में से दो चोर नारायणपुर जिले के आदतन अपराधी है, उनके खिलाफ कई मामले दर्ज है।

- 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की कवायद की
- 200 से अधिक मोबाइल नंबरों के टावर लोकेशन की जाँच की

जानकारी के अनुसार 19 और 20 फरवरी की दरमियानी रात को तीन नकाबपोश जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे, यह स्कूटी में पहुँचकर पहले किशनपुरी में एक दुकान में चोरी करने का प्रयास किया, परंतु चोरी नहीं कर पाए, उसके बाद कोरर में तीन दुकान में हाथ साफ किया। कोरर थाना से मात्र 300 मीटर की दूरी पर घटना होने से पुलिस के लिए भी बड़ा चैलेंज हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर योगेश साहू के मार्गदर्शन और अुनविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, प्रआर लकेश रावटे, आरक्षक विनोद साहू, आरक्षक केतन ठाकुर, आरक्षक भारत दुग्गा, साईबर सेल निरीक्षक यशवंत श्याम एवं सायबर टीम ने तीनों नकाबपोश चोर को पकड़ने के लिए मेहनत शुरू किया। कोरर, किसनपुरी, पुरी, चारामा रास्ते के लगभग 250 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसके अलावा 200 से अधिक मोबाइल नंबरो के टावर लोकेशन की जाँच किया गया और अंततः तीनों चोर पुलिस के हत्थे चढ़े, जिन्हें जेल की सलाखों में भेजा गया।

#### शौक पूरा करने चोरी की

आरोपियों ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि शौक को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम दिया, इसके अलावा अनिल पोटाई द्वारा खरीदी की गाडी का किस्त पटाने हेतु चोरी करना कबूल किया।



#### फरसगांव से स्कूटी की थी चोरी

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि तीनों आदतन अपराधी है आरोपियों ने 9 फरवरी 2026 को फरसगांव से स्कूटी चोरी कर वहां से रात में ही नारायणपुर चले गए। नारायणपुर में उसी रात को मेडिकल स्टोर्स, खुशी जूता दूकान में चोरी किए और वहां से सुबह आकर चारामा में किराए का मकान लेकर रह रहे थे। तीनों चोर 19 और 20 फरवरी को चारामा से कोरर आकर तीन दुकान में ताला तोडकर चोरी किए और पैसा खर्च होना बताए। आरोपियों के पास से एक बजाज पल्सर बाईक, 01 नग स्कुटी, दो नग मोबाईल, एक जींस, पेंट, शर्ट एवं पैसा 410 रूपएं के अलावा लोहे की राड जप्त किया गया।

#### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण एवं आपराधिक रिकार्ड

आरोपी पंकज दास मानिकपुरी पिता गौतम दास मानिकपुरी उम्र 22 वर्ष निवासी दण्डवन थाना फरसगांव जिला कोंडागांव के खिलाफ थाना नारायणपुर के अपक्र 75/2024, अप0क्र 76/2024, अपक्र 94/2024, 95/2024, थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव के अपराध क्रमांक 11/2026 दर्ज है। ललित सोरी पिता कविराम सोरी उम्र 19 वर्ष निवासी उडितगांव थाना बेनूर जिला नारायणपुर के खिलाफ थाना बेनूर जिला नारायणपुर अपक्र 89/2021, अपराध क्रमांक 85/2022, अपराध क्रमांक 201/2022, अपराध क्रमांक 56/2023 और थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव के अपराध क्रमांक 11/2026 दर्ज है। अनिल पोटाई पिता दयाराम पोटाई उम्र 19 वर्ष निवासी साकडीबेडा काँलेज रोड नारायणपुर के खिलाफ थाना नारायणपुर के अपराध क्रमांक 75/2023 दर्ज है।

## बारदेवरी के जंगल की आग पर सतर्कता व सामूहिक प्रयास पाया काबू, अनहोनी टली



**कांकेर।** रोफरा ग्राम खमढोड़गी में रविवार को एक बड़ी अनहोनी टल गई, जब पड़ोसी गांव देवरी की ओर से फैली जंगल की आग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। आग ग्राम सीमा तक पहुंच चुकी थी और यदि कुछ देर की भी देरी होती, तो व्यापक वन क्षेत्र, खेतों और जैव विविधता को भारी नुकसान झेलना पड़ता। गांव की सतर्कता और वन विभाग के समन्वय ने इस संकट को अवसर में बदल दिया।

- पर्यावरण मित्र सेना व वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से मिली राहत

घटना की खबर मिलते ही रोफरा ग्राम खमढोड़गी की पर्यावरण मित्र सेना के सदस्य मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही वन विभाग की टीम अग्निशमन उपकरण ब्लोअर, फायर कंट्रोल मशीन के साथ घटनास्थल पर पहुंची। दोनों दलों ने रणनीतिक समन्वय के साथ आग की लपटों को फैलने से पहले ही घेर लिया और सफलतापूर्वक नियंत्रण पा लिया। इस प्रयास से सैकड़ों छोटे पेड़-पौधे जलने से बचे, अनेक वन्य जीव-जंतु सुरक्षित रहे और ग्रामीण सीमा व खेतों को संभावित क्षति से बचाया ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### जंगल बचाने यह रहे उपस्थित

वन विभाग की ओर से वंशी नेताम, तरेश मंडावी और पर्यावरण मित्र सेना से गोकुल दुग्गा, देवलाल उसेंडी, बज्जु पोटाई, जितेन्द्र हिच्चामी और कीर्तन मंडावी ने जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामवासियों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कौडोखसगांव की जन चौपाल में विकसित भारत की गूंज, आत्मनिर्भरता पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

ग्रामीण विकास की बुनियाद को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम कौडोखसगांव में भाजपा के किसान मोर्चा के द्वारा जन चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणादायी बैठक का आयोजन किया गया। इस चौपाल में श्रमिकों, किसानों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जहां विकसित भारत की संकल्पना को जमीनी स्तर पर साकार करने को लेकर गंभीर और सार्थक चर्चा हुई।

जन चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्राम कौडोखसगांव में श्रमिकों एवं ग्रामीणों के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन 2047 को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। बैठक में वक्ताओं ने विकसित भारत के लक्ष्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मूल आधार आत्मनिर्भर गांव और सशक्त ग्रामीण समाज है। मंडल प्रभारी गोलू माहवे ने कहा कि विकसित भारत विजन 2047 केवल एक सपना नहीं, बल्कि हर गांव और हर परिवार के विकास का संकल्प है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

मंडल अध्यक्ष महेश उईके ने कहा कि किसान, श्रमिक और ग्रामीण वर्ग देश की रीढ़ हैं। इनके सशक्त होने से ही भारत विश्व मंच पर मजबूती से खड़ा होगा। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हुपेन्द्र साहू ने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आजीविका मिशन से युवाओं को जोड़कर स्वरोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र आँचला, सरपंच पारस कौडो, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी कैलाश पोटाई, किसान मोर्चा मंडल कोषाध्यक्ष कमलेश नेताम, राम नेताम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला व शहर मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों व शहर मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का कमल सदन में स्वागत किया गया और उनको उनके दायित्वों की जिम्मेदारी बताई गई।

भाजपा कार्यालय कमल सदन में जिला महामंत्री आकश सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष जतिन अठभैया, जिला उपाध्यक्ष पीयूष वलेचा, जिला मंत्री विवेक गुप्ता, जिला मंत्री दीपांशु जैन, जिला कोषाध्यक्ष गौरव जयसवाल, जिला सह-कोषाध्यक्ष श्रदेश चौहान, जिला सह-कोषाध्यक्ष मोंटी खटवानी जिला आईटी सेल प्रमुख मनोज



सोनी, कन्या शक्ति सयोजीका मंजी सारथी, आरती जैन, आरोही यादव, भूमि नागवंशी, खेल एवं कला प्रमुख महेश यादव, धनंजय शर्मा एवं शहर मंडल अध्यक्ष हर्षल गजबिए व शहर मण्डल महामंत्री अंकित तिवारी, प्रशांत यादव कांकेर का पुराना बस स्टैंड में भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी एवं युवा साथियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। युवा साथियों ने पुष्पमाला एवं अभिनंदन के साथ नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा सदैव युवाओं की शक्ति को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम, जिला अध्यक्ष महेश जैन, हस्तस्लिप आयोग अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, संजय सिन्हा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू साहू, जिला महामंत्री घनेन्द्र सिंह ठाकुर एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## सट्टा खिलाकर आमलोगों का जीवन तबाह करने वाले दो सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर क्षेत्र में सट्टा के खिलाकर आमलोगों के जीवन को तबाह करने वाले दो सटोरियों को पकड़ने में कोरर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस की इस त्वरित और सुनियोजित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।

कांकेर जिला में सटोरियों पर दबिश देने के लिए चलाए गए अभियान से सटोरियो में हडकंप मच गया है। यह सटोरिया कांकेर जिला से बाहर भागने की जुगाड़ में है, वहीं अंदरूनी इलाके के सटोरिया अभी भी सक्रिय है और खाईवाल के खेल को खिलाकर आमजीवन को बर्बाद कर रहे है। कोरर पुलिस ने रेड के दौरान आरोपियों द्वारा अपने घर के सामने सट्टा-पट्टी लिखकर लोगों को सट्टा



खिलाया जा रहा था। पुलिस टीम ने मौके से 18 नग सट्टा पट्टी, 02 डाट पेन, 02 स्क्रीन टच मोबाइल फोन तथा 17,450 रुपये नगद बरामद कर जब्त किए। सभी सामग्री को विधिवत जप्त कर लिया गया। गिरफ्तार सटोरियों में विजय सिंह ठाकुर पिता स्व. जितेन्द्र सिंह ठाकुर, उम्र 48 वर्ष, निवासी कोरर और मंगल सिंह पिता सुकुराम निवासी बैजनपुरी, थाना कोरर, जिला कांकेर शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध थाना कोरर में अपराध क्रमांक 24/2026 धारा 6 छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बासनवाही में 12.50 लीटर शराब बरामद, महिला कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बासनवाही में मुखबीर से मिली जानकारी के आधार पर दुधावा चौकी पुलिस ने बासनवाही गढ़यिापारा में रमिना नेताम पति श्यामु नेताम के पास से देशी महुआ शराब 12.5 लीटर जप्त किया गया।

जानकीर के अनुसार दुधावा चौकी को मुखबिर से जानकारी मिली शराब महिला कोचिया अपने घर के सामने परछी में अवैध महुआ शराब रखकर बाजार आए लोगों एवं भारतमाला रोड में काम करने वाले मजदूरो को अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रही है। उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब पर रोक लगाने मौके पर उपस्थित गवाह के साथ मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर शराब रेड कार्यवाही किए, जहां पर एक महिला मिली जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम रमिना नेताम पति



श्यामुलाल नेताम उम्र 50 वर्ष साकिन बासनवाही गढ़यिापारा का होना बताया। महिला के सहमति से गवाहो के समक्ष घर का तलाशी लेने पर उसके घर से एक सफेद रंग के बड़े प्लास्टिक जरकीन जिसमें देशी महुआ शराब 12.5 लीटर पाया गया। उक्त शराब हाथ भट्टी का ▶▶| शेष पेज 10 पर

### जिले में मकान सूचीकरण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

# पेपरलेस जनगणना 2027 की तैयारी ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनगणना 2027 की तैयारियों को सशक्त और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य चार्ज अधिकारियों को नवीन प्रावधानों, प्रक्रियाओं और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना रहा, ताकि आगामी जनगणना को त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराया जा सके।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना से जुड़े कानूनी और प्रशासनिक पक्षों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने जनगणना अधिनियम 1948 तथा 1990 में निहित धाराओं और उपधाराओं की व्याख्या करते हुए अधिकारियों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। साथ ही स्वगणना मकान सूचीकरण (एचएलओ) के निर्माण, ग्राम एवं नगर चार्ज रजिस्टर में प्रविष्टियां, मकान सूचीकरण ब्लॉक (एचएलबी) का नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया, स्वगणना की कार्यप्रणाली, पोर्टल के प्रभावी उपयोग तथा प्रगणकों की नियुक्ति संबंधी बिंदुओं पर भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर बताया गया कि इस बार जनगणना दो चरणों में पूरी तरह पेपरलेस, ऑनलाइन पद्धति से संपन्न की जाएगी।



कार्यशाला में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी जितेन्द्र कुमार कुर्रे, विभिन्न अनुभागों के अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारी तथा सहायक चार्ज अधिकारीगण उपस्थित रहे।

#### जनगणना का प्रथम चरण 01 मई से होगा शुरू

प्रथम चरण 01 मई से 30 मई के मध्य आयोजित होगा, जिसमें प्रगणकों द्वारा भवनों का चिन्हांकन कर उनका सूचीकरण एवं संख्या निर्धारण किया जाएगा। वहीं दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है, जिसमें वास्तविक जनगणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम चरण से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी अधिकारियों को प्रदान की गई।


हरिभूमि
कार्यालय कांकेर में भर्ती
पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर
रिक्त पद
सीनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य
जूनियर रिपोर्टर - 01 पद
समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक
संपर्क करें - 7000955574

# हिकपाड़ आश्रम शाला में व्यवस्थाएं बदहाल, शौच के लिए जंगल और खुले में स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में विकास के दावों और जमीनी सच्चाई के बीच गहरी खाई की तस्वीर अबूझमाड़ के हिकपाड़ आश्रम शाला में साफ दिखाई देती है। कस्तूरमेटा पंचायत के आश्रित इस सुदूर ग्राम में संचालित आश्रम शाला बदहाली के ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां 37 बच्चों के लिए केवल दो शौचालय ही किसी तरह उपयोग योग्य हैं। जबकि अन्य शौचालय अधूरे और जर्जर अवस्था में पड़े हैं।

सुबह होते ही बच्चों को शौच के लिए जंगल का रुख करना पड़ता है। नहाने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें खुले में स्नान करने को मजबूर होना पड़ता है। अधूरी बाउंड्री वॉल के कारण जंगली जानवर आसानी से परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जो बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। निरीक्षण के लिए अधिकारी पहुंचते तो हैं, लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार धरातल पर नजर नहीं आता। आश्रम के बच्चे अक्सर चावल साफ करते दिख जाते हैं, जिससे यह भी सवाल उठता है कि क्या बच्चों से श्रम कराया जा रहा है या संसाधनों की भारी कमी है। अधीक्षक रायसिंह नूरेटी के अनुसार, रात में आपात स्थिति में दो शौचालयों का उपयोग कराया जाता है, लेकिन सुबह सभी बच्चों के लिए वे पर्याप्त नहीं होते।

## 37 बच्चों के लिए सिर्फ दो शौचालय

अलग खबर

### प्रशासन का दावा: कुछ दिनों में चालू होगा काम

जब जंगल के बीच शिक्षा का दीप जलाने की बात होती है, तो न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह ने माना कि शौचालय की व्यवस्था खराब है रिपेयरिंग के लिए निविदा हुआ है कुछ दिनों में काम चालू हो जाएगा।





### आश्रम शाला की हालत में कोई सुधार नहीं

गौरतलब है कि क्षेत्र के विधायक केदार कश्यप कुछ वर्ष पूर्व हेलीकॉप्टर से कस्तूरमेटा पहुंचे थे। उस दौरे को विकास की बड़ी पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन आश्रम शाला की हालत में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ। सरकार अबूझमाड़ क्षेत्र के विकास पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा करती है। बीते वर्षों में नक्सल प्रभाव भी कम होता दिख रहा है और प्रशासनिक पहुंच अंतिम छोर तक होने की बात कही जा रही है। बावजूद इसके, हिकपाड़ आश्रम शाला की बदहाल तस्वीर यह सवाल उठाती है कि विकास की राशि आखिर जमीनी स्तर तक क्यों नहीं पहुंच पा रही? सवाल सिर्फ संसाधनों का नहीं, बल्कि 37 मासूम बच्चों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य का है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज और कल

**कोण्डागांव।** राज्य शासन के मंशानुरूप ग्रामीणजनों की मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम हीरापुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। इसी प्रकार 27 फरवरी को सुबह 10 बजे से केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव में तथा दोपहर 12 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरवेल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कांग्रेस करेगी आज सुकमा कलेक्टोरेट का घेराव

**जगदलपुर।** सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. हुसैन ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश लखमा के नेतृत्व में 26 फरवरी को 11 बजे सुकमा कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इसमें समस्त ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई, सेवादल, युवा ब्रिगेड, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच, पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### मां मानेकश्वरी मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** माणिकेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष कालीचरण कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप ने बताया कि उपनपाल में मां मानेकश्वरी मंदिर निर्माण के लिए 26 फरवरी की सुबह 9 बजे देव पूजन हवन एवं 10 बजे भूमिपूजन किया जाएगा। समिति में ग्राम उपनपाल के पुजारी सोमदेव गोयल, सिरहा सुकरु गोयल शामिल हैं।

### नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने नगर से गुजरने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं और जाम की समस्या को देखते हुए लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोण्डागांव–जगदलपुर मार्ग नगर के मध्यभाग से होकर गुजरता है। सघन आबादी एवं अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी।

## साय सरकार के तीसरे बजट से किसान, महिला और गरीबों को मिलेगी सुविधा

# ऐतिहासिक व निर्णायक बजट से विकास की रफ्तार होगी दोगुनी, छग बनेगा आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना









छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आ रही है और भाजपा पदाधिकारी बजट से विकास की रफ्तार दोगुनी होने की बात कर रहे है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ने कहा कि पिछले दो बजटों की तरह इस बार भी सरकार ने सभी वर्गों किसान, युवा, मजदूर, महिला और गरीब परिवारों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि बजट में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए ठोस प्रावधान किए गए हैं, जिससे प्रदेश की आधारभूत संरचना और मजबूत होगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों के लिए कृषि सुधार, सिंचाई सुविधाओं और समर्थन योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं के लिए कौशल विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का समावेश किया गया है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए योजनाओं को सुदृढ़ किया गया है। मजदूर वर्ग के कल्याण तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को भी प्राथमिकता दी गई है।

जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं, विश्वास और भविष्य की योजनाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया यह बजट स्पष्ट संकेत देता है कि राज्य सरकार विकास के मुद्दे पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने वाली है। टेकेश्वर सिन्हा ने युवाओं के लिए किए गए प्रावधानों को भविष्य निर्माण की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास, स्वरोजगार योजनाएं, स्टार्टअप प्रोत्साहन और रोजगार सृजन के लिए किए गए बजटीय प्रावधान प्रदेश के युवाओं को नई दिशा देंगे। इससे पलायन में कमी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक मुकेश संचेती ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एवं यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट युवाओं के भविष्य को मजबूत करने वाला है।

इस बजट में शिक्षा, कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इससे प्रदेश के युवाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे और छत्तीसगढ़ विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा। बजट में विश्वविद्यालयों को अनुदान एवं व्यावसायिक परीक्षा मंडल की क्षमता वृद्धि के लिए 731 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

# महाविद्यालय के अंतिम वर्ष विद्यार्थियों को दी गई विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत कांगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भावपूर्ण एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की पारंपरिक रीति के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और श्रद्धा का संचार हुआ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डीएल बढ़ाई कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ ही संस्थान की पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाती हैं। कनिष्ठ एवं वरिष्ठ विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उत्साह, उमंग और भावनाओं से सराबोर कर दिया। प्रस्तुतियों में मित्रता, संघर्ष, सपनों और सफलता के संदेश को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया गया। विदाई ले रहे विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने महाविद्यालय में स्थापित छात्र-शिक्षक संबंधों की विशेष सराहना की। विद्यार्थियों ने बताया कि यहाँ का आत्मीय और मित्रतापूर्ण वातावरण उन्हें अध्ययन के प्रति आत्मविश्वास प्रदान करता रहा और शिक्षकों का मार्गदर्शन जीवन की हर चुनौती में प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल शैक्षणिक ज्ञान दिया, बल्कि जीवन मूल्यों और अनुशासन की सीख भी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक केएल मंडावी ने अपने मधुर गीत से विदाई के भावुक क्षणों को और अधिक स्मरणीय बना दिया। उनके गीत ने विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों को भावविभोर कर दिया।

# बजट से मिला बस्तर को विकास का नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम ने वित्त वर्ष 2026–27 के राज्य बजट को समावेशी विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक



कदम बताते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट "संकल्प" थीम पर आधारित है, जिसका लक्ष्य विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का विजन साकार करना है। श्री नेताम ने बताया कि बजट में राज्य की आर्थिक वृद्धि दर 12.4 प्रतिशत अनुमानित है तथा राजकोषीय संतुलन पर विशेष ध्यान रखा गया है। शिक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रें में बड़े निवेश से प्रदेश की सामाजिक संरचना मजबूत होगी। स्कूल शिक्षा विभाग को सर्वाधिक वित्तीय आवंटन मिलना सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है।

### समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की मजबूत नींव : भाजयुमो

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास दुआ ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा में



प्रस्तुत वर्ष 2026–27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य को विकास के नए आयाम तक ले जाने वाला है। विकास दुआ ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना और मानव संसाधन विकास पर केंद्रित है।

### ज्ञान- गति के बाद संकल्प, समृद्ध छत्तीसगढ़ विकसित नारायणपुर का सशक्त रोडमैप: झा

**नारायणपुर।** वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत संकल्प थीम आधारित बजट को विकास, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में एक



ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल बताते हुए भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा ने हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि "ज्ञान-गति के बाद संकल्प" की मूल भावना के अनुरूप यह बजट नारायणपुर और पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर और समावेशी भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। झा ने कहा कि यह बजट राज्य की विकास प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जोड़ता है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को सुदृढ़ आधार प्रदान करता है।

### भाजपा सरकार ने कॉर्पोरेट हितों को दी प्राथमिकता : भाकपा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जन–विरोधी करार देते हुए इसका



कड़ा विरोध किया है। पार्टी के जिला परिषद सदस्य तिलक पांडे और सचिन मंडल ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह बजट भाजपा सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों को उजागर करता है और आम जनता के हितों की पूरी तरह अनदेखी करता है। भाकपा नेताओं ने कहा कि बजट में किसानों के लिए न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है और न ही सिंचाई, बीज व खाद सब्सिडी में कोई ठोस बढ़ोतरी की गई है।

### सरकार ने पेश किया झूठ का पुलिंदा और जुमलों का बजट : नेताम

**केशकाल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में साय सरकार द्वारा पेश किये बजट को लेकर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम



ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बजट को आम जनता के लिए निराशाजनक बताते हुए इसे "झूठ का पुलिंदा" और "जुमलों का बजट" करार दिया। संतराम नेताम ने कहा कि पहले 'गति' बजट लाया गया, जिसका परिणाम सबने देखा। इसके बाद 'ज्ञान' का बजट आया, जो उनके अनुसार 'अज्ञान' साबित हुआ। अब सरकार 'संकल्प' लेकर आई है, लेकिन इसका क्या हश्र होगा, यह भी समय बताएगा। संतराम नेताम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# 15 तक पूरी होगी प्रमोशन प्रक्रिया शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



**दुर्गुकोंदल।** सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने सक्रिय पहल करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद से विस्तारपूर्वक चर्चा कर ज्ञापन सौंपा और लंबित प्रमोशन प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सहायक शिक्षक लंबे समय से प्रधान पाठक पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पदोन्नति में विलंब के कारण शिक्षकों में निराशा की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे शैक्षणिक कार्यों पर भी प्रभाव पड़ सकता है। फेडरेशन ने स्पष्ट रूप से कहा कि समयबद्ध पदोन्नति न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाएगी, बल्कि विद्यालयों में प्रशासनिक व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठन की मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि आगामी 15 मार्च तक प्रमोशन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग शिक्षकों के हितों के प्रति संवेदनशील है और नियमों के अनुरूप शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने कहा कि संगठन सदैव शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुरूप तय समय सीमा में पदोन्नति प्रक्रिया पूरी होगी। साथ ही उन्होंने अन्य लंबित समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रशासन से निरंतर संवाद बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर नरहरपुर ब्लॉक अध्यक्ष कमल रामटेके, आसू मरकाम, मनोज मंडावी, विकास ठाकुर सहित जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सभी ने एक स्वर में कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। ज्ञापन सौंपने के बाद संगठन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विभागीय स्तर पर शीघ्र कार्रवाई कर शिक्षकों को राहत प्रदान की जाएगी, जिससे विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण और अधिक सुदृढ़ हो सकेगा।

## ग्रामीणों का आरोप- गुणवत्ताहीन सीमेंट का हो रहा उपयोग

# पर्रेबानगांव में बन रहे गौरव पथ में गुणवत्ताहीन कार्य से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के अंतगर्त ग्राम पर्रेबानगांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 500 मीटर का गौरव पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण कार्य से पर्रेबानगांव के ग्रामीण नाराज हैं, ग्रामीणों का आरोप है कि सम्बंधित ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जा रहा है और गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ताहीन सीमेंट का उपयोग हो रहा है। गौरव पथ निर्माण में हरे रंग की बोरी वाले ड्यूरागार्ड कम्पनी का सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।

विभाग के ईई ने अधिकारी द्वारा भी निरीक्षण के दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों को उस सीमेंट का उपयोग करने से मना किया गया है. उसके बावजूद उसी सीमेंट से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यही नही स्थानीय पत्रकार और ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुचे तो उसी सीमेंट से निर्माण कार्य करता पाया गया। निर्माण कार्य करवा रहे कर्मचारियों ने ग्रामीणों और पत्रकारो को देखा तो तत्काल उस सीमेंट से काम बंद कर दूसरे सीमेंट से कार्य शुरू करवा दिया। ग्रामीणों से मना करने कर कर्मचारियों ने कहा कि गलती से इस ड्यूरागार्ड कम्पनी का सीमेंट आने से इसका उपयोग कर रहे थे। निर्माण के बाद सही तरीके से क्यूरिंग भी नहीं किया जा रहा है। जबकि ग्राम के सरपंच द्वारा गांव के दो ग्रामीणों को अलग से क्यूरिंग के लिए ठेकेदार को उपलब्ध करवाया गया है। इसके बावजूद भी ठेकेदार के कर्मचारीयों के द्वारा ठीक से निर्माण कार्य के बाद भी क्यूरिंग नहीं करवाया जा रहा है। अधिकारीयो के निर्देश के बाद भी अगले दिन बुधवार को ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उसी ड्यूरागार्ड कंपनी के सीमेंट का ही उपयोग किया जा रहा था, जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजी देखी गई।




### गुणवत्ता युक्त कार्य करने किया निर्देशित : ईई

निर्माण कार्य मे गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार सुबह पीएमजीएसवाय कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता बलराम ठाकुर भी पर्रेबानगांव में निर्माणाधीन गौरव पथ सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में कुछ कमियाँ पाई। गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर उन्होंने ठेकेदार के मुंशी को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुसार ही किया जाए।

## पेज 9 के शेष

### बारदेवरी के जंगल...

जा सका। पर्यावरण और स्थानीय जैव विविधता की रक्षा संभव हुई, यह इस पहल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। जंगल में लगी छोटी चिंगारी भी विकराल रूप ले सकती है, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गांव स्तर पर पर्यावरण दलों को उपकरण और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। रोफरा ग्राम खमढोड़गी की यह पहल बताती है कि सतर्कता, समन्वय और जिम्मेदारी से बड़ा संकट भी टल सकता है। जंगल सुरक्षित रहेंगे, तो जल-जमीन-जनजीवन सुरक्षित रहेगा।

### सट्टा खिलाकर आमलोगों...

जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, प्रधान आरक्षक कन्हैया पटेल, आरक्षक तिलक मेश्राम, डीएसएफ आरक्षक लल्ली मंडावी तथा महिला आरक्षक राजकुमारी तारम की सराहनीय भूमिका रही।

### बासनवाही में 12.50 लीटर...

बना देशी महुआ शराब 12.5 लीटर कीमती 1250 रूपये को रखने व बिक्री रकम 200 रूपये पेश करने पर जप्त किया गया। अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कारित करने से आरोपी महिला रमिना नेताम पति श्यामु नेताम उम्र 50 वर्ष साकिन बासनवाही गढ़यिापारा को गिरफ्तार कर किया गया।

कार्यवाही करने में चौकी प्रभारी दुधावा निरीक्षक योगेन्द्र वर्मा, प्रधान आरक्षक गौतम बिसेन, गुरूचंद शोरी, आरक्षक प्रमोद कोर्राम, डोमार मरकाम, राजेशवर सलाम, महिला आरक्षक कविता सिन्हा शामिल रही।

## खबर संक्षेप

### आत्मसमर्पित नक्सली को 2 लाख प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के आत्मसमर्पित नक्सली को 2 लाख की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### गौ विज्ञान परीक्षा में तीन विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गीदम।** जिले में आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शीर्ष तीन स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। द्वितीय वर्ष इलेक्ट्रिकल के छात्र सोनसिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। तृतीय वर्ष इलेक्ट्रिकल की छात्रा उर्वशी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय वर्ष मैकेनिकल के छात्र वीरेंद्र मंडावी ने तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। इन तीनों विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। परीक्षा में जिले भर से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें इन छात्रों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अब ये तीनों छात्र राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन रायपुर में आगामी अप्रैल माह में किया जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान और जिले का नाम रोशन करेंगे।

### खाद्य संस्थानों में की जाएगी सघन निरीक्षण एवं जांच

**दंतेवाड़ा।** खाद्य एवं औषधि से प्राप्त जानकारी अनुसार खाद्य सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर के आदेशानुसार गर्मियों के सीजन एवं होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य संस्थानों का सघन निरीक्षण एवं जांच की जाएगी एवं त्यौहार से पहले मिठाई बनाने के कच्ची सामग्रियों जैसे बेसन, आटा, शक्कर, फूड कलर आदि की जांच की जाएगी। गर्मियों के शुरुआत के साथ जूस कॉर्नर, पानी, बर्फ आदि की जांच मौके पर चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन से की जाएगी। साथ ही खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन खाद्य कारोबारियों व आमजनों की जागरूकता एवं पंजीयन अभिवृद्धि हेतु शिविर का आयोजन जिले के प्रत्येक ब्लॉक में आयोजन किया जाएगा।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन 27 को

**दंतेवाड़ा।** विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का जिला स्तरीय आयोजन 27 फरवरी को शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में किया जाएगा। जिला नोडल युवा संसद कार्यक्रमअर्चना झा ने बताया कि युवा संसद में भाग लेने के लिए युवाओं की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इस संबंध में सही जानकारी प्रदान करना प्रतिभागी का दायित्व होगा। गलत जानकारी प्रदान करने पर, प्रतिभागी को विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता का विषय जिला स्तर पर आपातकाल के 50 वर्ष - भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक पर रहेगा।

### शैलेन्द्र युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष

**गीदम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राहुल असरानी द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा के पश्चात दंतेवाड़ा जिला टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में गीदम नगर के युवा एवं सक्रिय समाजसेवी शैलेन्द्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैलेन्द्र सिंह लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में युवाओं को संगठित करने, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन तथा जनसेवा के विविध कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संगठन ने उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए यह दायित्व प्रदान किया है।



# पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित पहल पर जोर देवें अधिकारी : विश्वकर्मा

## छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष ने ली विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग के शैक्षिक, सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए समन्वित और प्रभावी पहल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि, समाज कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशुपालन, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति विकास, उद्यानिकी, व्यापार एवं उद्योग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, कौशल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अध्यक्ष विश्वकर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल और नियमित समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग हेतु समर्पित योजनाओं के वास्तविक क्रियान्वयन पर जोर देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ उपलब्धता, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और सशक्तिकरण कार्यक्रमों के सुदृढ़ संचालन तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आश्वस्त किया कि शासन की मंशानुसार एवं आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। बैठक में आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेंद्री परगनिहा एवं कृष्ण कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने की समीक्षा

# बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि : वर्णिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचीं छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने बालक एवं बालिका गृह में दर्ज बच्चों की अद्यतन जानकारी लेते हुए उनके रहन-सहन, खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की।

अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन, काउंसलर, अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से संस्था संचालन की स्थिति एवं सामने आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली।



उन्होंने निर्देश दिए कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर हेल्पलाइन नंबर का स्पष्ट प्रदर्शन हो। प्रत्येक थाना में बाल कल्याण अधिकारी का नाम एवं संपर्क नंबर अंकित किया जाए। बच्चों को बिना किसी भय या दबाव के अपनी समस्या बताने के लिए जागरूक किया जाए।

### नशामुक्ति एवं काउंसलिंग पर जोर

बैठक में बच्चों को नशामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए काउंसलिंग और समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट का गहन अध्ययन करने की समझाइश देते हुए कहा कि विधिक प्रावधानों की सही जानकारी से ही बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

### संवेदनशीलता और समन्वय से मजबूत होगा तंत्र

डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी विभागों के समन्वय, संवेदनशीलता और सक्रियता से ही बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आयोग के दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# शिक्षा गुणवत्ता की सराहना गणित प्रशिक्षण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

डाइट दंतेवाड़ा के प्राचार्य शैलेश सिंह ने बालक आश्रम कुड़मेलपारा सहित हाई स्कूल मूर्तोंडा एवं बालक आश्रम गोंडेरास का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में अध्यापन स्तर का आकलन कर संतोष व्यक्त किया।

बालक आश्रम कुड़मेलपारा में 'बाला पेंटिंग' और बच्चों द्वारा पत्थरों पर की गई रचनात्मक चित्रकारी की उन्होंने भूरी-भूरी प्रशंसा की। विद्यार्थियों ने उनके प्रश्नों का आत्मविश्वास से उत्तर दिया, जिससे वे प्रभावित हुए। बच्चों ने अपने हाथों से बनाए फ्लॉवर पॉट भेंट कर स्वागत किया।

बालक आश्रम गोंडेरास में गणित विषय विशेषकर भिन्न के सवालों को हल करने की विधि देखकर प्राचार्य ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने जिले में गणित के प्रति विद्यार्थियों का डर दूर करने और अध्यापन को अधिक रुचिकर बनाने हेतु जिला स्तर पर शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित करने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. मंडावी से चर्चा की। इस अवसर पर डाइट दंतेवाड़ा के व्याख्याता पुरुषोत्तम साहू एवं संतोष मिश्रा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण को शिक्षा गुणवत्ता सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष के रूप में प्रेमशंकर शुक्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



घोषित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं कार्यकारीणी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संगठन को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से यह नई टीम गठित की गई है।

सूची के अनुसार कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव सहित कुल 51 पदाधिकारियों एवं कार्यकारी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संगठनात्मक विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति प्रभावी मानी जा रही है।

नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और ग्रामीण अंचलों में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# रसोइयों का हुआ प्रशिक्षण, दी गई तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत शालाओं में कार्यरत रसोइयों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आज बस्तर ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में बस्तर ब्लॉक की विभिन्न शालाओं में कार्यरत रसोइयों के साथ-साथ मध्याह्न भोजन संचालन से जुड़ी समूह संचालिकाएं भी शामिल हुईं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रसोइयों को पौष्टिक आहार, खाद्य सुरक्षा मानकों, स्वच्छता एवं सुरक्षित भोजन निर्माण की प्रक्रियाओं के संबंध में व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण, रसोईघर की स्वच्छता, समूह का पंजीयन, भोजन संचालन की प्रक्रिया तथा संबंधित अभिलेखों के संधारण की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही भोजन निर्माण में पोषण तत्वों की संतुलित मात्रा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर कोलकाता से पधारे मास्टर ट्रेनर शिव प्रजापति, जिला फूड ऑफिसर अंकित गुप्ता, पूजा मांझी (जगदलपुर), बस्तर के एबीईओ सुशील कुमार तिवारी एवं डाटा ऑपरेटर महेश कश्यप उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए सभी रसोइयों को प्राप्त जानकारी को अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के नियमित प्रशिक्षण आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।



# बस्तर के चहुमुंखी विकास के लिए ऐतिहासिक बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

साय सरकार का तीसरा बजट को लेकर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी वेंकट ने कहा कि यह बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद 'संकल्प' के थीम पर आधारित है। इसमें समावेशी विकास, अंधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है।

इस बार के बजट में साय सरकार ने आदिवासी संभाग बस्तर और सरगुजा पर फोकस किया है। अधिकतर घोषणाएं इन दो संभागों को ध्यान में रखकर की गई है। बस्तर ओलंपिक के तर्ज पर अब सरगुजा ओलंपिक करने का ऐलान किया गया है। इसके लिए 5-5 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

साथ ही नक्सलगढ़ कहे जाने वाले अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 2 नए एजुकेशन सिटी के लिए 100 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बस्तर एवं सरगुजा-जशपुर विकास प्राधिकरण के लिए 75 करोड़ का प्रावधान किया गया है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 200 करोड़ का प्रावधान है। बैगा एवं पुजारी को प्रोत्साहन राशि के लिए 3 करोड़ का प्रावधान किया गया है।



1,500 बस्तर फाइटर्स के पदों का सृजन। बस्तर नेट परियोजना हेतु 5 करोड़ स्वीकृत। बस्तर और सरगुजा में पशुपालन गतिविधियों के लिए 15 करोड़ का प्रावधान, अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी निर्माण के लिए 100 करोड़। मैनपाट के पर्यटन विकास के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। बस्तर एवं सरगुजा में अतिरिक्त पोषण सहायता के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान।

दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा और कुनकुरी में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। रायपुर में बनेगा होम्योपैथी कॉलेज,बस्तर और सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सकों की भर्ती। बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान।

आयुष्मान योजना के लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान। 10 करोड़ रुपये से मेकाहारा में एआई का उपयोग किया जाएगा। एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान। मेडिकल कॉलेज इंटर्न हॉस्टल के लिए 35 करोड़ रुपये का प्रावधान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के लिए 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान। सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान। कांकेर, कोरबा, महासमुंद में नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण। शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के तहत सरकारी और गैर-सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए 5 लाख रुपये तक की सुविधा हेतु 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान।

कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान। रायपुर (कालीबाड़ी) में 200 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल तथा चिरमिरी में जिला अस्पताल निर्माण, 25 डायलिसिस केंद्र एवं 50 जन औषधि केंद्र। बिलासपुर में राज्य कैंसर संस्थान। रायपुर में एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट 25 से अधिक सीएचसीएस, पीएचसीएस और एसएचसीएस भवन निर्माण के लिए प्रावधान।

जी राम जी योजना के लिए 4000 करोड़ का प्रावधान। युवाओं के लिए कुल 1,097 करोड़ का प्रावधान। तेंदुपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना के लिए 60 करोड़ का प्रावधान। गन्ना किसानों को बोनस के लिए 60 करोड़ का बजट प्रावधान।छत्तीसगढ़ युवा दर्शन योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान। महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन, अचल संपत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट।

# पेंशनर्स महासंघ की बैठक में संभागीय सम्मेलन की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग की अत्यावश्यक मासिक बैठक 23 फरवरी को संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी की अध्यक्षता में होटल अतिथि, जगदलपुर में आयोजित की गई। बैठक में निर्धारित एजेंडा के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में संभागीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यालय हेतु उपलब्ध भवन का उद्घाटन सम्माननीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराने पर भी सहमति बनी। सम्मेलन में बस्तर संभाग के सभी जिलों के पदाधिकारी, पेंशनर साथी एवं मातृशक्ति को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मेलन में आमंत्रित अतिथियों के लिए जलपान एवं भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए खर्चों की पूर्ति हेतु संघ के प्रत्येक आजीवन सदस्य से 1000 रुपये पंजीयन शुल्क लेने का निर्णय लिया गया। यह शुल्क केवल जगदलपुर के आजीवन सदस्यों से लिया जाएगा, अन्य जिलों से आने वाले पेंशनर साथियों एवं मातृशक्ति से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा,नारायणपुर,कोंडागांव एवं कांकेर जिलों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में किशोर कुमार जाधव,अब्दुल सत्तार खान, शिव कुमार मिश्रा,एन एस सेवता,पीएस ठाकुर,सुमन सिंह ठाकुर,दिनेश कुमार सतमन,डॉ सुषमा झा,अनिता राज,करमजीत कौर, सरिता पांडे,जयमनी ठाकुर, जया इशाक एवं उषा चिखलीकर उपस्थित रहे।

बैठक में क्रमबद्ध रूप से यह तय किया गया कि अप्रैल के द्वितीय सप्ताह में प्रस्तावित संभागीय सम्मेलन को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा,जिसके अंतर्गत सभी जिलों से पदाधिकारियों, पेंशनर साथियों एवं मातृशक्ति की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यालय भवन का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से संपन्न कराया जाएगा।

आमंत्रित अतिथियों के जलपान,भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समुचित तैयारी की जाएगी,तथा इन व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए केवल जगदलपुर के आजीवन सदस्यों से 1000 रुपये पंजीयन शुल्क लिया जाएगा,जबकि अन्य जिलों से आने वाले प्रतिभागियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से संगठन को मजबूत एवं विस्तारित करने का भी संकल्प दोहराया गया।

# गोविन्द कश्यप बने बस्तर जिला कांग्रेस के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के तहत 22 वर्षीय गोविन्द कश्यप को बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव नियुक्त किया गया है। कम उम्र में मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह तथा नई ऊर्जा का संचार हुआ है।



गोविन्द कश्यप इससे पूर्व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) सोशल मीडिया विभाग में जिला चेयरमैन की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। छात्र राजनीति के दौरान उन्होंने संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत किया और युवाओं को कांग्रेस विचारधारा से जोड़ने में सक्रिय योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मिली इस बड़ी जिम्मेदारी को वे निस्वार्थ भाव, निष्ठा, ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ निभाएंगे। गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करेंगे तथा आम जनता की आवाज को पार्टी मंच तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे।

गोविन्द कश्यप के क्षेत्र के जमीनी स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी और गर्व का माहौल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गोविन्द कश्यप पढ़े-लिखे, शिक्षित, सक्रिय और जुझारू युवा नेता हैं, जिनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खाद्य पदार्थों की असुरक्षित बिक्री पर लगा प्रतिबंधित

**कांकेर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन कांकेर द्वारा खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच के उपरांत उसके असुरक्षित होना पाया गया है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य नमूने पैक्ड टाटा सम्पन्न फाईन बेसन 500 ग्राम, मैन्युफैक्चरिंग एंड मार्केटेड बाई टाटा कंज्यूरम प्रोडक्ट्स लिमिटेड, 1 बिशप लेफ्रॉय रोड कोलकाता पश्चिम बंगाल का नमूना जांच हेतु लिया गया था, जो जांच रिपोर्ट के अनुसार असुरक्षित पाया गया। रिपोर्ट के आधार पर उक्त असुरक्षित पाए जाने वाले खाद्य पदार्थ का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है।

### सशिमं में होली गीत महोत्सव 28 को

भानुप्रतापपुर। सरस्वती शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर में 28 फरवरी शनिवार को बाल-सभा के तत्वाधान में होली गीत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 1:30 बजे तक विद्यालय परिसर में होगा। कार्यक्रम में कक्षा अरुण से लेकर द्वादश तक के छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने बताया होली के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, उत्सव परंपरा और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखा गया है।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत किया



**भानुप्रतापपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के प्रथम कोरर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कोरर मंडल कांग्रेस की मासिक बैठक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें मनरेगा बचाओ अभियान की समीक्षा, एसआईआर सूची की भौतिक सत्यापन पर चर्चा, संगठन सृजन, धान खरीदी की समीक्षा पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, जिला वनोपज संघ अध्यक्ष नितिन पोटाई, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने अपने विचार व्यक्त किए।

सुनील बबला पाढ़ी ने कहा कि संगठन में निष्ठा से कार्य करने वालो को ही मौका मिलेगा, बीरेश ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के प्रति निष्ठा रखे नेताओं के प्रति नहीं, हेमंत ध्रुव ने कहा कि मनरेगा गरीब मजदूर की अर्थ व्यवस्था सुधार के लिए रीढ़ की हड्डी है जिसके लिए हम सब लड़ेंगे, कांग्रेस की विचारधारा जोड़ने की है तोड़ने की नहीं हम सभी सांप्रदायिक तत्वों से लड़ने कि बात नितिन पोटाई ने कही। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, सरपंच केबी ठाकुर, जिला सयुक्त महामंत्री गणेश सोनी, पार्षद मुकेश चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादल शिवा शुक्ला, पूर्व रमेश पांडे, सरपंच सौरभ ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रदीप कोरेटी, सेक्टर अध्यक्ष रिंकु शुक्ला व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# कोड़ेकुसी में दो दिवसीय वार्षिक मेले की रही धूम, ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी में 25 एवं 26 फरवरी को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ प्रारंभ हुए इस मेले में आसपास के गांवों से ग्रामीण शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और ग्रामीण संस्कृति की झलक हर ओर देखने को मिली।

मेले के आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत कोड़ेकुसी की सरपंच साधना सहारे, समस्त वार्ड पंचों एवं ग्रामवासियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन से पूर्व ही पंचायत द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की सुविधा के लिए विद्युत व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। पंचायत की ओर से व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के लिए विशेष टीम भी बनाई गई थी, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया गया। स्थानीय लोक परंपराओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेले को और अधिक आकर्षक बना दिया। बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें, ग्रामीण हस्तशिल्प एवं खान-पान के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। ग्रामीणों ने खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया।



### शांति एवं सुरक्षा बनी रही

कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन सतर्क रहा। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश सोनी के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे मेले के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनी रही। पुलिस द्वारा यातायात और भीड़ नियंत्रण की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। मेले में आसपास के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने आयोजन की सफलता को और भी उल्लेखनीय बना दिया। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। यह मेला न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि ग्रामीणों के आपसी मेल-जोल और सामाजिक समरसता को भी मजबूत करने का माध्यम बना। दो दिवसीय इस आयोजन ने क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण निर्मित किया। ग्राम पंचायत कोड़े कुसी द्वारा की गई व्यवस्थाओं और ग्रामीणों के सहयोग से मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## केश शिल्पी सम्मेलन व सम्मान समारोह को निरस्त करने पर बिफरे लोग

# समाज प्रमुखों ने केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य पर जांच करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नथिया नवागांव में केश शिल्पी बोर्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय केश शिल्पी सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन 24 फरवरी को गोड़वाना भवन में होना था, जिसे केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन व सदस्य विजय सेन ने अपिहारय कारणों का हवाला देते कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया, जिसकी जानकारी वाट्सअप के माध्यम से दी गई, लेकिन समाज कल्याण विभाग को इसकी सूचना नहीं दी गई, जिसके चलते समाज कल्याण विभाग कांकेर ने कार्यक्रम स्थल नाथिया नवागांव गोंडवाना भवन पर टेंट लगाया गया व भोजन भी तैयार किया गया।

केश शिल्पी बोर्ड ने कार्यक्रम निरस्त की जानकारी समाज कल्याण विभाग को न देकर शासन के पैसों का दुरुपयोग किया गया, जिसका सेन समाज ने कड़ी निंदा करते हुए शासन प्रशासन से मांग किया है की मामले की जांच कर दोषियों के ख़िलाफ कार्यवाही की जाए। जिला सर्व सेन समाज कांकेर ग्रामीण के सदस्य व चंदापारी सेन समाज के संरक्षक प्रभु राम शांडिल्य ने बताया की केश शिल्पीयों का सम्मेलन व समाज के प्रतिभावान शख्सियतों का सम्मान समारोह की तिथि 24 फरवरी को दोपहर 12 बजे नियत की गई थी। इस सम्मेलन को लेकर केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य विजय सेन व समाज कल्याण विभाग के अधिकारीयों ने 19 फरवरी को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया गया था। इस कार्यक्रम के अतिथि तय करने की जिम्मेदारी मुझे दी गई थी। मैं व जिला सर्व सेन समाज के पुर्व सचिव प्रदीप कौशिक ने कार्यक्रम के लिए अतिथि तय कर केश शिल्पी बोर्ड के सदस्य को जानकारी दी गई व उनके निवेदन पर मधु आट्र्स में आमंत्रण पत्र छपवा कर अतिथियों को ससम्मान दिया गया। मधु आट्र्स में समाज कल्याण विभाग ने मेमोन्टो व बेनर तैयार भी दिया गया था। इन सभी गतिविधियों की जानकारी बोर्ड के सदस्य विजय सेन को थी व समय समय पर अध्यक्ष को जानकारी थी। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व विजय सेन ने वाट्सअप ग्रुप में अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। कार्यक्रम निरस्त के चलते इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे समाज जनों की छड़ी भी धुमिल हुई है। छत्तीसगढ़ केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन की नियुक्ति का कांग्रेस शासनकाल में हुई थी व भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ केश शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष मोना सेन को बनाया गया था, जिसे कोर्ट से स्टे ऑर्डर लें कर आज भी बोर्ड के अध्यक्ष बने हुए हैं। कांग्रेसी मानसिकता के चलते ये कार्यक्रम को निरस्त किया गया है, जिससे भारतीय जनता पार्टी की छवि धुमील हो।

ज्ञापन सोंपने सर्व सेन समाज के संरक्षक प्रभु राम शांडिल्य, जननायक कर्पूरी ठाकुर, ओबीसी संगठन के जिला अध्यक्ष लोकेश्वर सेन, बंशी सेन, दयालु राम सेन, प्रकाश सेन, किशोर सेन, जगदीश कौशिक, कोमल सेन, महेंद्र शांडिल्य, लक्ष्मी नारायण सेन, खोमन लाल, मोहन शांडिल्य, लखन लाल, मनीष सेन, बुद्धेश्वर सेन, दीपक सेन, राजेश सेन, पुलेस सेन, अनिल सेन उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा टीम ने कालेज और आटीआई की छात्राओं से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कांकेर पुलिस द्वारा जिले में निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अंतागढ़ महाविद्यालय और महिला आईटीआई में छात्राओं से संवाद किया गया।

उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा लहरे एवं एसडीओपी अंतागढ़ शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में महिला रक्षा टीम ने अंतागढ़ महाविद्यालय और महिला आईटीआई में छात्राओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महाविद्यालय परिसर में शिकायत पेटी स्थापित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को बिना किसी डर या संकोच के अपनी समस्याएं, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना या शिकायतें पुलिस तक पहुँचाने के लिए प्रोत्साहित करना है। थाना प्रभारी रमेश जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को न केवल कानूनी जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से भी सक्षम बनाया गया। छात्राओं को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए अभिव्यक्ति एप के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। गुड टच-बैड टच, बाल विवाह निषेध, पॉक्सो एक्ट और मानव तस्करी जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महिला रक्षा टीम द्वारा आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए लाइव डेमो दिया गया, ताकि छात्राएं विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। पुलिस ने छात्राओं और उपस्थित महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों को याद रखने और साझा करने की सलाह दी। आपातकालीन सेवा 112, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और महिला रक्षा टीम कांकेर के लिए 9479155925 पर डायल करने कहा गया।

## विधायक की अनुशंसा पर भानुप्रतापपुर विस क्षेत्र को मिली 27 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए इस वर्ष 27 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का प्रावधान किया गया है। यह सभी कार्य विधायक सावित्री मनोज मंडावी की अनुशंसा पर स्वीकृत किए गए हैं। क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, सिंचाई, सड़क एवं आधारभूत संरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।



शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए तथा छात्रावास निर्माण के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय भानुप्रतापपुर में प्रयोगशाला भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। सिंचाई और जल संरचनाओं को सुदृढ़ करने के लिए मयाना जलाशय के जीर्णोद्धार एवं मरकाटोला, बड़ेगौरी, लिलेझर एवं कोटतरा माइनर की लाइनिंग व सर्विस रोड निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। हाटकर्रा बैराज निर्माण के लिए 50 लाख तथा पिपरौद एनीकट निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है। हाराडुला हल्बा मार्ग चौड़ीकरण के लिए 1 करोड़ 20 लाख, सोनपाल में कोरकसा नदी पर सेतु निर्माण के लिए 34 लाख, पुजारीपारा गोयंदा मार्ग एवं हेटारकसा भैंराडीही मार्ग पर पुलिया निर्माण के लिए 80 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार कच्चे से दमकसा मार्ग निर्माण, मूंगवाल–डोंगरीपारा पहुंच मार्ग सहित पुल निर्माण, वयनार बीचपारा मार्ग पर पुलिया निर्माण, कोसमापारा मर्देल भर्रीटोला डोकला डांगरा हानपतरी मार्ग निर्माण जैसे कार्य भी शामिल हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से कानापोड़ तक सड़क निर्माण, केंवटी पखांजूर मार्ग सुदृढ़ीकरण 2 करोड़ 40 लाख, संबलपुर दुर्गुकोंदल पखांजूर मार्ग मजबूतीकरण 3 करोड़ 56 लाख, साल्हे भोथा पुरी मार्ग उन्नयन 1 करोड़ 50 लाख, चारामा कोरर आमाबेड़ा मार्ग चौड़ीकरण 3 करोड़ 60 लाख तथा कच्चे हाटकोंदल दमकसा दुर्गुकोंदल मार्ग निर्माण 3 करोड़ 60 लाख जैसे बड़े कार्यों को भी स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त कोटेला कुर्रूभाट, बाबूकोहका गोलकुम्हड़ा, सराधुनवागांव जैसाकर्रा, आंवरी पहुंच मार्ग एवं कोटतरा पत्थर्री पारा सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा, सिंचाई और यातायात सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह 27 करोड़ रुपए की सौगात भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान करेगी।

## किशोर न्याय बोर्ड में विधिक जागरूकता पर शिविर हुआ

**कांकेर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष संजीव कुमार टामक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शांति प्रभु जैन के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

किशोर न्याय बोर्ड न्यायिक मजिस्ट्रेट गुलापन राम यादव द्वारा शिविर में उपस्थित बच्चों एवं आए हुए उनके माता पिता को नालसा की योजनाओं में से एक डॉन योजना 2025 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ बच्चों के अधिकारों एवं कर्तव्यों, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया, कानून से संघर्षरत एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकार, जिला विधिक सह परिवीक्षक अधिकारी अशोक कौशिक जी के द्वारा परामर्श एवं पुनर्वास की व्यवस्था, बाल संरक्षण तंत्र, बाल कल्याण समिति की भूमिका, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मानसिक विकास, नशामुक्त जीवन, डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव, बाल उत्पीड़न से बचाव, तथा अधिवक्ता सतीश पाठक जी द्वारा निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति, क्षतिपूर्ति राशि के संबंध मे जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त हेमलता वैष्णव द्वारा मोटरयान अधिनियम, बाल श्रम निषेध, बाल विवाह प्रतिषेध, शिक्षा का महत्व, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्य एवं कार्यों के संबंध में भी बच्चों को सरल भाषा में समझाया गया। उक्त शिविर में विनोद यादव विधिक सह परिवीक्षक अधिकारी, अशोक कौशिक एवं अधिवक्ता सतीश पाठक, पैरा लीगल वालेंटियर जानवी यादव एवं वीरेंद्र साहू एवं बाकी स्टाफ उपस्थित रहे।



## अयोध्या के कृषि वैज्ञानिक दल ने रबी दलहन अनुसंधान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट कांकेर में चल रहे रबी शोध कार्यों का निरीक्षण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों का उच्च स्तरीय दल ने किया। निरीक्षण दल में अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शिवनाथ, पादप रोग विज्ञान के डॉ. पंकज, कीट वैज्ञानिक डॉ. सुभाष चन्द्रा एवं डॉ. प्रफुल्ल कुमार सोनी शामिल रहे।

अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के वार्षिक निगरानी कार्यक्रम के तहत पहुंचे कृषि वैज्ञानिकों के दल ने कांकेर के लिए जल्दी पकने वाली जीनोटाईप को उपयुक्त बताया जो कि धान के खेत के खाली होने पर किया जा सके। इसमें से सर्वश्रेष्ठ जीनोटाईप का चयन करके किस्म के रूप में विभाजित किया जाता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक शिवनाथ ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे भविष्य में अनुसंधान कार्यो में और अच्छा कार्य किया जा सके। डॉ. सुभाष चन्द्रा फ्यूजेरियम, पित्त और कॉलर रॉट के चने अनुसंधान में कुछ पौधे में लक्षण पाया और मृदा उपचार को इसके निदान के लिए कारगर बताया। अखिल भारतीय अनुसंधान परियोजना अन्तर्गत एवीटी चना समय पर बुवाई, आईवीटी चना समय पर बुवाई, एवीटी चना देर से बुवाई, तिवड़ा आईवीटी, एवीटी तिवड़ा और एवीटी मसूर लगाए एवीटी चना फसल की वर्तमान स्थिति विशेष रूप से पोंड फॉर्मेशन फली बनने की अवस्था का निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जीवन सलाम ने कहा कि कांकेर क्षेत्र की जलवायु दलहनी फसलों की किस्मों के लिए काफी अनुकूल है। इस शोध के सफल परिणाम आने वाले समय में बस्तर संभाग के किसानों के लिए अधिक उपज देने वाली और रोगों से लड़ने में दलहनी फसलों की नई किस्म के द्वार खोले जाएंगे। कृषि वैज्ञानिक थलेश कुमार, प्रदीप कुमार गंजीर, डॉ. जागृति पटेल, डॉ. प्रदीप कुमार बढ़ई ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में इस केंद्र पर 06 महत्वपूर्ण अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।



# तेंदूपत्ता खरीदी लक्ष्य को पूरा करने लिया संकल्प

**कांकेर।** आदिवासियों को ठेकेदारों एवं बिचौलियों से बचाने के लिए मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने 1980 में तेन्दूपत्ते का राष्ट्रीयकरण कर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वास्तविक हक दिलाने का कार्य किया था, जिसका लाभ अब तक मिल रहा है।

जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि 1980 के पहले तेन्दूपत्ता खरीदी का ठेका बड़े बड़े व्यापारियों के द्वारा लिया जा रहा था, जिसके कारण तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले मजदूरों को ठेकेदारों द्वारा औने-पौने दाम में तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य कराया जा रहा था, जिससे उनका वास्तविक हक नहीं मिल पा रहा था। अतः उस समय के तात्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने तेन्दूपत्ता का राष्ट्रीयकरण कर सहकारी संस्थाओं के माध्यम से तेन्दूपत्ता खरीदवाने का कार्य प्रारंभ कर मजदूर से मालिक बनाने का कार्य किया था। इस बार का तेन्दूपत्ता खरीदी का लक्ष्य 37800 रूपये मानक बोरा लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नंदलाल मण्डावी, सावित्री सावित्री वट्टी, प्यारी सलाम, हजारी राम कुंजाम, जबल सिंह कुंजाम, गोपीचंद कुंजाम, कौशिल्या रामटेके, मोहन सिंह कुंजाम, सीताराम पटेल, माडवी दीक्षित, दिनेश पटेल, रोहिदास शोरी, कौशिल्या शोरी आदि उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




### शहीद मोतीराम आंचले की मनाई पुण्यतिथि



**कांकेर।** शहीद मोतीराम आंचले की तृतीय पुण्यतिथि आज शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय कांकेर में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में मनाई गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (से.नि.) श्री संजय शुक्ला ने बताया कि शहीद की पत्नी पदमावती आंचले को शॉल एवं श्रीफल भेंटकर पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकगण, संस्था के प्राचार्य, सहायक प्राचार्य तथा विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।




